Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 07-03-2007

Participants : Paswan Shri Sukdeo

Title: Need to expedite the construction work on N.H. 57 from Gulab Bagh Purnia to Darbhanga in Bihar - laid.

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : महोदय, एन.एच-57 गुलाब बाग पूर्णियां से दरभंगा का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है, जो कांट्रेक्टर काम लिए हुए हैं, वह कार्य में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहा है। जो कार्य हुआ है, वह भी गुणवत्ता के कसौटी पर निम्न स्तर का है। एन.एच.-57 राज्य के लिए बहुत ही उपयोगी मार्ग है। यह सड़क सीमावर्ती क्षेत्र में होने के कारण इसकी उपयोगिता और अधिक हो जाती है। वैसे ही बिहार में प्रस्तावित 892 कि0मी0 एन.एच. का कार्य जैसे एन.एच-106 वीरपुर से थाना वीहपुर अभी शुरू नहीं हुआ है। यह पहले और दूसरे चरण का प्रस्तावित एन.एच है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय सड़क एवं परिवहन मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि बिहार के प्रति अन्याय नहीं होने दे और वहां एन.एच-57 के साथ साथ सभी एच.एच का कार्य अविलम्ब पूरा करने के लिए उचित कदम उठाने की कृपा करें।